# राफेल बनाने वाली कंपनी मे नौकरी पाने के लिए कहां से करे पंढ़ाई ? जानिए डसॉल्ट एविएशन मे कंरियर बनाने का पूरा रास्ता ।

Publisher

Published on 16 May 2025



## डसॉल्ट एविएशन मे कंरियर के लिए जरूरी है इंजीनियरिंग की खास शाखाएं – जानिए राफेल जेट बनाने वाली कंपनी मे नौकरी पाने का पूरा प्रोसेस ।

राफेल फाइटर जेट को फ्रांस की मशहूर **कंपनी डसॉल्ट एविएशन (Dassault Aviation)** बनाती है. यह कंपनी कई दशकों से दुनिया के बेहतरीन फाइटर प्लेन्स बना रही है.

भारत की ओर से पाक के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया. इसके बाद से हमेशा से चर्चा में रहने वाला भारत का **फाइटर जेट राफेल** एक बार फिर काफी चर्चा में रहा.राफेल एक बेहद ही एडवांस किस्म का फाइटर जेट है. इसे फ्रांस की कंपनी द्वारा बनाया गया है. जिस कंपनी ने इसे बनाया है उसका नाम डसॉल्ट एविएशन है.

ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आप कैसे **डसॉल्ट एविएशन** में नौकरी पा सकते हैं ? इसके लिए आपको क्या करना होगा, आइए जानते हैं...**डसॉल्ट एविएश** से जुड़ने खासतौर पर राफेल जैसे लड़ाकू विमान बनाने के लिए आपका इंजीनियरिंग करना सबसे जरूरी है. साथ ही आपको सिविल एविएशन की खासी जानकारी होनी चाहिए.

अगर आप **डसॉल्ट एविएश** से या इस तरह की अन्य कंपनियों से जुड़ना चाहते हैं तो आपके पास **मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, एविएशन इंजीनियरिंग** से कोर्स करने जरूरी हैं.रिपोर्ट्स के अनुसार **डसॉल्ट मे इंडियन स्टूडेट्स** को भी काम करने का मौका मिलता है. इस कंपनी की तरफ से आईआईटी जैसे टॉप संस्थानों से स्टूडेंट्स को चुना जाता है. कंपनी की तरफ से इंटर्नशिप से लेकर नौकरी तक के ऑफर दिए जाते हैं.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.